CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 60 रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## भूपेश बघेल, देवेंद्र यादव समेत 60 ठिकानों पर छापे
## महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई!






### बघेल के निवास के बाहर कांग्रेसियों का प्रदर्शन



**भिलाईनगर, 26 मार्च (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के घर पर आज बुधवार की सुबह सीबीआई ने दबिश दी। सीबीआई की टीम जांच करने पहुंची तो हड़कंप मच गया। जैसे ही समर्थकों को इसकी जानकारी हुई वे पूर्व सीएम निवास व विधायक देवेन्द्र के निवास पर पहुंचने लगे। यही नहीं सीबीआई ने पांच पुलिस अफसरों सहित दो सिपाहयों के घर पर रेड की है। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला महादेव सट्टा एप से जुड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह सीबीआई की अलग अलग टीमों ने भिलाई व रायपुर में दबिश दी। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भिलाई व रायपुर स्थित निवास के साथ ही विधायक देवेन्द्र यादव के निवास भी पर भी पहुंची। इसके साथ ही पांच आईपीएस सहित दो सिपाही के घर भी सीबीआई ने छापा मारा है। सभी छापों के पीछे महादेव ऐप से जुड़े लेनदेन का है। इसके अलावा सीबीआई की टीम पूर्व सीएम के ओएसडी रहे के घर पर सीबीआई ने रेड की है। साथ ही आईएएस, केपीएस ग्रुप के निवास पर सीबीआई रेड की है। सीबीआई की टीम सूर्या रेसीडेंसी भिलाई स्थित निवास पर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। यहा पूछताछ की जा रही है।

**10 से ज्यादा टीमों ने की रेड**

बताया जा रहा है कि सीबीआई की 10 से ज्यादा टीमें बुधवार तड़के रायपुर से निकली। एक टीम रायपुर स्थित भूपेश बघेल के घर पहुंची। इसके बाद बाकी टीमें भूपेश बघेल के भिलाई तीन पदुम नगर स्थित घर, विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 स्थित निवास पहुंची। इसके साथ ही आईपीएस के सेक्टर 9 स्थित बंगले भी सीबीआई पहुंची। महादेव सट्टा चलाने के आरोप में सिपाही के नेहरू नगर स्थित घर भी सीबीआई की एक एक टीमें पहुंचीं। इससे पहले 10 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे एवं अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। सूत्रों की मानें तो महादेव एप के मामले में यह कार्यवाही की जा रही है, किन्तु इसकी पुष्टि अभी नही हो सकी है। इसके अतिरिक्त उनके सहयोगियों के घर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। मुख्यमंत्री रहने के दौरान भूपेश के मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा के घर भी जांच की जा रही है। वहीं पूर्व एआईएएस अनिल टूटेजा और आईपीएस आरिफ शेख के घर भी ईडी की टीम ने दबिश दी है। इधर भिलाई में विधायक देवेंद्र यादव के घर भी सीबीआई की टीम पहुंची हुई है। बता दें कि आज से 16 दिन पहले 10 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम ने भूपेश के घर पर दबिश दी थी। यह रेड केवल उनके भिलाई निवास पर ही की गई थी। यह जांच करीब 10 घंटे तक चली थी। करीब सुबह 8 बजे भूपेश और उनके बेटे चैतन्य के भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर चार गाड़ियों में ईडी की टीम पहुंची थी। दोपहर में कार्रवाई के बीच नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें भी मंगाई गई। इस बीच ईडी की कार पर बाहर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प भी हुई थी। आज के छापे मार कार्यवाही में सीबीआई के अधिकारियों से जांच के संबंध में चर्चा करनी चाही तो उन्होनें इस संबंध में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

### मुझको दिल्ली जाने से रोकने की गई कार्रवाई

भूपेश बघेल ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्विटर) पर पोस्ट किया कि अब सीबीआई आई है. उन्होंने बताया कि आगामी 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली एआईसीसी की बैठक के लिए गठित ड्राफ़्टिंग कमेटी की मीटिंग के लिए आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल्ली जाने का कार्यक्रम है. उससे पूर्व ही सीबीआई रायपुर और भिलाई निवास पहुंच चुकी है।

## वेट्टी कन्नी के साथ 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 26 लाख रुपए का है इनाम



**सुकमा, 26 मार्च (हाईवे चैनल)।** सरकार के नक्सल अभियान को बड़ी सफलता मिली. कोंटा ब्लॉक में नक्सल संगठन में लम्बे समय से सक्रिय वेट्टी कन्नी के साथ 26 लाख के इनामी 9 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

सुकमा एसपी किरण चव्हाण, एएसपी उमेश गुप्ता व सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले 9 नक्सलियों में 6 महिला नक्सली भी शामिल हैं. ये सभी नक्सली कई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं. नक्सली बटालियन में सक्रिय एक नक्सली ने भी आत्मसमर्पण किया है. इस दौरान सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि लगातार चलाए जा रहे ऑपरेशन और कैंप खोलने से प्रभावित होकर नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. इनमें बटालियन नंबर वन के अलावा जगरमुंडा एरिया में शामिल नक्सली हैं. ये नक्सलियों की खोखली विचारधारा को त्यागकर आत्मसर्मपण किया है. इन्हें शासन की आत्मसमर्पण की नीतियों का लाभ दिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पूर्व तैयारियां जोरों पर बुधवार होगी आम बैठक

**रायपुर, 26 मार्च।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन आगामी 30 तारीख को छत्तीसगढ़ में होने जा रहा है ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर में एक आम सभा को संबोधित करने छत्तीसगढ़ पधार रहे हैं वे निजी विमान से रायपुर के विवेकानन्द विमानतल पहुंचेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर के माध्यम से बिलासपुर प्रस्थान करेंगे उनकी सभा को लेकर पूरे प्रदेश में तैयारियां जोरों पर है भाजपा का प्रयास है कि प्रदेश भर से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता और जनता उनकी सभा में शामिल होकर प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुने जिस संबंध में भाजपा नेता पदाधिकारी तैयारियां चालू कर चुके हैं इसी कड़ी में कल रायपुर शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में रायपुर शहर जिला की आम बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें रायपुर शहर के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आहूत की जाने वाली इस आवश्यक बैठक में विशेष रूप से रायपुर जिला प्रभारी खूबचंद पारख और जगन्नाथ पाणिग्रही उपस्थित रहेंगे जहां सभी वरिष्ठ नेताओं द्वारा जिला पदाधिकारियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री आगमन संबंधी विभिन्न जिम्मेदारियों का आबंटन किया जाएगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### हाईकोर्ट जज के घर पर नकदी मिलने के मामले में एफआईआर की मांग

**नई दिल्ली, 26 मार्च (न्यूज चैननल)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में लगी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका में मामले में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।




**चूहा- सुनती हो, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर सीबीआई ने छापा मार दिया।**

**चुहिया- हां जी, 33 लाख ईडी वाले धरकर ले गए अब क्या मिलेगा भाई ?**

## आईएएस डॉ. एस. भारतीदासन होंगे छत्तीसगढ़ के नए उच्च शिक्षा सचिव, आर प्रसन्ना केंद्र के लिए आज होंगे रिलीव

**रायपुर, 26 मार्च (हाईवे चैनल)।** आईएएस डॉ. एस. भारतीदासन उच्च शिक्षा विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभालने जा रहे हैं. राज्य सरकार जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी कर सकती है. 2006 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी भारतीदासन, आईएएस आर. प्रसन्ना की जगह लेंगे, जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जा रहे हैं।



भारतीदासन इससे पहले स्कूल शिक्षा और कृषि विभाग के सचिव रह चुके हैं. वे जनसंपर्क आयुक्त के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं. इसके अलावा, वे जांजगीर और रायपुर के कलेक्टर भी रह चुके हैं. कोविड महामारी के दौरान रायपुर कलेक्टर के रूप में उनके कार्यों की सराहना की गई थी. आईएएस भारतीदासन ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले अधिकारी माने जाते हैं. पूर्ववर्ती सरकार में वे मुख्यमंत्री के सचिव भी रह चुके हैं, लेकिन वर्तमान सरकार में अब तक उनके पास कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं थी. वहीं आईएएस आर. प्रसन्ना को केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है. प्रशासनिक सेवा में आने के बाद यह पहली बार है जब वे प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। केंद्र सरकार में उन्हें पांच साल की पोस्टिंग मिली है।

## केंद्रीय एजेंसियां निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करती है: गृहमंत्री

**रायपुर, 26 मार्च (हाईवे चैनल)।** महादेव सट्टा एप मामले में को लेकर बुधवार को सीबीआई की टीम ने रायपुर और भिलाई में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई आईपीएस अफसरों के घर छापेमार कार्रवाई की। वहीं विधायक देवेंद्र यादव के भिलाई निवास पर सीबीआई के अधिकारी पहुंचे। इसके अलावा कई आईपीएस अफसरों के ठिकानों पर भी अभी जांच चल रही है। छत्तीसगढ़ में हुई इस छापेमारी को लेकर अब सियासत भी गर्म हो गई है। एक ओर जहां कांग्रेस नेताओं ने इस द्वेशपूर्ण कार्रवाई कहा तो दूसरी ओर भाजपा नेताओं ने कहा कि



केंद्रीय एजेंसियां निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करती है।

छापे को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि सीबीआई कई जगहों पर पहुंचने की जानकारी हुई है। किस विषय पर छापा पड़ा है यह नहीं मालूम है। कई मुद्दों पर सीबीआई जांच चल रही है। सदन में नेता प्रतिपक्ष ने सीबीआई पर विश्वास जताया है। कांग्रेस के अधिकतम लोगों को सीबीआई पर विश्वास है। कांग्रेस में कुछ लोग हैं जो गड़बड़ी किए हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि सीबीआई की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित नहीं है। सीबीआई की किसी पार्टी की नहीं होती है। जहां गड़बड़ी होती है, वहां कार्रवाई करती है। कांग्रेस चुनाव के समय केंद्रीय एजेसिंयों के दुरुपयोग का आरोप लगाती थी, अब तो चुनाव भी नहीं है, फिर भी कार्रवाई हो रही है। केंद्रीय एजेंसियां निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करती है। कांग्रेस के लोगों को जांच में सहयोग करना चाहिए।

## भीषण आग से अब तक 18 लोगों की मौत, कई घायल; बचाने गया हैलीकॉप्टर भी क्रैश

नई दिल्ली, 26 मार्च (न्यूज चैननल)। दक्षिण कोरिया में दक्षिणी इलाकों के जंगलों में आग लगने से अब तक कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, आग को बुझाने के प्रयासों के दौरान एक हेलीकॉप्टर भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोरिया वन सेवा ने बुधवार को कहा कि बचाव प्रयास जारी हैं और ऐसा अनुमान है कि विमान में केवल एक पायलट था। अग्निशमन दल दक्षिण कोरिया के दक्षिणी इलाकों में लगी भीषण आग को बुझाने के काम में लगे हैं। आग से जुड़ी घटनाओं में 200 से अधिक इमारतें नष्ट हो गई हैं। एंडोंग और अन्य शहरों के अधिकारियों ने मंगलवार को स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया। आग पर काबू पाने के लिए लगभग 9,000 अग्निशमन कर्मी, 130 से अधिक हेलीकॉप्टर और सैकड़ों वाहन काम कर रहे हैं, लेकिन शुष्क मौसम और तेज हवाओं के चलते आग बुझाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इस आग ने 43,000 एकड़ से अधिक भूमि को नष्ट कर दिया है। इसके साथ ही 1,300 साल पुराने बौद्ध मठ समेत सैंकड़ों संरचनाएं तबाह हो गईं।

## 2006 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलेगा 6वें वेतन आयोग का लाभ, हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

**बिलासपुर, 26 मार्च (हाईवे चैनल)।** हाईकोर्ट ने एक फैसले में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की राज्य सरकारों को छठवें वेतन आयोग योजना के तहत 2006 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पेंशन लाभ का भुगतान करने का निर्देश दिया है। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन पेंशनर्स संघ बनाम छत्तीसगढ़ राज्य के मामले में ये फैसला सुनाया है।

याचिकाकर्ता छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन पेंशनर्स संघ सरकारी महाविद्यालयों के पेंशनभोगियों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक पंजीकृत संस्था है। संस्था ने 1 जनवरी 2006 से पहले सेवानिवृत्त होने वालों के साथ किए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट ने याचिका लगाई थी। याचिका में कहा गया था कि 2006 के



बाद सेवानिवृत्त हुए लोगों को छठे वेतन आयोग का लाभ दिया गया, जबकि इससे पहले सेवानिवृत्त हुए उनके समकक्षों को इससे वंचित रखा गया, जो भेदभाव के समान है।

इससे पहले सोसायटी ने WP(S) संख्या 5333/2012 दायर की थी, जिसका निपटारा 25 जनवरी, 2018 को किया गया था, जिसमें अधिकारियों को एक अभ्यावेदन पेश करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने 28 फरवरी 2018 के एक आदेश के माध्यम से उनके अभ्यावेदन को खारिज कर दिया था, जिसके कारण उन्हें वर्तमान याचिका दायर करनी पड़ी।

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि इस तरह का वर्गीकरण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, जो कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है। छत्तीसगढ़ राज्य ने तर्क दिया कि 2006 से पूर्व सेवानिवृत्त लोगों को लाभ देने से राज्य के खजाने पर अनुचित वित्तीय बोझ पड़ेगा। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए राज्य के तर्क को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49 के अनुसार मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों को पेंशन भुगतान की देयता साझा करनी होगी। राज्य को 120 के भीतर संशोधित पेंशन जारी करने का निर्देश दिया है।

## वक्फ संशोधन बिल के विरोध में धरने पर बैठे लालू-तेजस्वी, नेता प्रतिपक्ष बोले- नागपुरिया कानून नहीं चलेगा




**नई दिल्ली, 26 मार्च (न्यूज चैननल)।** पटना में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन जारी है। मुस्लिम संगठनों के लोग गर्दनीबाग धरनास्थल पर प्रदर्शन कर रहे। इससे राष्ट्रीय जनता दल ने अपना समर्थन दिया। इस प्रदर्शन में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी पहुंचे और मुस्लिम संगठन के नेताओं के धरने पर बैठ गए। इधर, तेजस्वी यादव ने मुस्लिम संगठनों के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद यादव आपके साथ खड़े होने के लिए धरनास्थल पर आए हैं। चाहे हमारी पार्टी सत्ता में हो या नहीं। हमलोग इस बिल के विरोध में रहेंगे। विपक्ष ने विधानसभा और विधान परिषद में वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया है। हमलोग इस बिल को गैर संवैधानिक और अलोकतांत्रिक मानते हैं। कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं, और उनकी पार्टी इस कानून को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

CMYK